शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011

दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्र./पा.पु/रा.शि.के./2022/CT/47 भोपाल, दिनांक 15/01/2022

प्रति

जिला कलेक्टर
समस्त, जिलें म.प्र.

विषयः— 17 जनवरी 2022 से कक्षा 1—8 हेतु ''हमारा घर—हमारा विद्यालय'' के रूप में शिक्षा सत्र 2021—22 का संचालन।

संदर्भः— स्कूल शिक्षा विभाग का आदेश क्रमांक एफ 44—4/2020/20—2 दिनांक 14.01.2022

कोविड—19 वैश्विक महामारी के कारण शिक्षा सत्र 2021—22 में शालाएं नियमित रुप से संचालित नहीं हो पाई हैं। शालाएं विलंब से प्रारम्भ/50 प्रतिशत क्षमता के साथ प्रारम्भ की गई, किन्तु पुनः कोविड के बढ़ते प्रकोप के कारण शालाओं को संदर्भित शासनादेश के द्वारा बंद किया गया है।

विद्यार्थियों की शिक्षा की निरंतरता के लिये शिक्षा सत्र 2021—22 में दिनांक 17.01.2022 से'' हमारा घर—हमारा विद्यालय'' कार्यक्रम पुनः प्रारम्भ किया जा रहा है। पूर्व की भाँति प्रतिदिन एंव नियमित अध्ययन हेतु घर में ही शाला जैसा वातावरण निर्मित कर शैक्षिक गतिविधियॉ संचालित की जाएंगी। साथ ही विद्यार्थी अपने घर के वातावरण, परिवेश, परिवार के बड़े—बूढ़ो शाला/कॉलेज में अध्ययनरत भाई—बहन के सहयोग से घर पर ही रहकर पढ़ाई करेगें।

| क्र. | गतिविधि | समय |
|---|---|---|
| 1 | डिजिलेप | प्रातः 10:00 से 11:00 बजे तक |
| 2 | रेडियो स्कूल | प्रातः 11:00 से 12:00 बजे तक |
| 3 | एटग्रेड अभ्यास पुस्तिका पर कार्य | दोपहर 12:00 से 01:00 बजे तक |

<u>दैनिक गतिविधियाँ —</u>

''हमारा घर—हमारा विद्यालय'' कार्यक्रम का आरंभ प्रतिदिन घंटी/थाली बजाकर प्रातः 10:00 बजे विद्यार्थियों, परिवार के सदस्यों द्वारा अपने घर में किया जाये। इसी प्रकार दोपहर 1:00 बजे घंटी/थाली बजाकर अवकाश किया जा सकता है, इसमें बच्चे के पास सीखने के स्त्रोत के रुप में उपलब्ध रेडियो, पाठ्यपुस्तक एवं अभ्यास पुस्तिका के आधार पर लर्निंग पैकेज तैयार किया गया है।

**परिवार के सदस्यों की भूमिका–**

1 शिक्षा का स्थान/कोना– निर्धारित समय पर बच्चों का घर में लिखने–पढ़ने के लिए एक स्थान नियत करेंगें और निर्धारित विषय का कार्य करने हेतु प्रेरित करेंगे।

2 बच्चों को आवश्यक स्टेशनरी सुबह 10 से दोपहर 1 बजे गतिविधि के अनुसार, यथासंभव पेंसिल, कापी, स्केचपेन, कलर पेंसिल, पुराने पेपर आदि उपलब्ध कराएंगे।

3 DigiLEP वीडियो के माध्यम से प्राप्त सामग्री के अध्ययन के लिये सुविधानुसार बच्चों को मोबाइल उपलब्ध कराना।

4 बच्चे पूरे सप्ताह की गतिविधियों के आधार पर 1 से 2 मिनिट का ऑडियो रिकार्डिंग अथवा वीडियो तैयार करके अपने कक्षा ग्रुप पर भेजेंगे, जिसमें पालक उनकी मदद करेंगे।

5 प्रतिदिन एक पेज हिन्दी एवं अंग्रेजी का लेखन एवं गणित का मौखिक अभ्यास कराएंगे।

**शिक्षकों की भूमिका–**

1 शिक्षकों के मोबाइल पर एक दिवस पूर्व शाम को 8:00 बजे तक DigiLEP के वीडियो भेजे जाएंगे, जिन्हें अगले दिन आपको कक्षा के वाट्सएप ग्रुप पर प्रातः 10:00 बजे तक भेजना होगा। भेजने से पूर्व वीडियो देखें एवं बच्चों को लिखित/ऑडियो के माध्यम से व्हाट्स एप समूह पर सूचना/संदेश दें।

2 प्रतिदिन अपने विद्यालय के कम से कम 05 बच्चों से मोबाइल के माध्यम से पढ़ी गई सामग्री पर चर्चा कर अगले दिन की सामग्री के बारे में बताना तथा रिकार्ड संधारित करना।

3 प्रतिदिन विद्यालय समय में गॉव/शहर के एक मोहल्ले में 05 बच्चों (जिनके पास मोबाइल उपलब्ध नहीं है) के घर जाकर गृह सम्पर्क के रूप में "हमारा घर–हमारा विद्यालय" के कार्य का अवलोकन एंव आकलन करेंगे तथा फीडबैक देंगें।

4 बच्चों से उनकी समस्याए पूंछेंगे तथा उनका समाधान करेंगे।

5 समय सारिणी अनुसार गतिविधियों का अवलोकन एवं आंकलन करना तथा अपना फीडबैक डायरी में प्रस्तुत करेंगे। इसी के साथ शिक्षक बच्चों से गृहकार्य जैसे– एट ग्रेड अभ्यास पुस्तिका, बच्चों के प्रतिदिन पढ़ने एवं लिखने की कॉपी की जॉच करेंगें, मौखिक गणित पर चर्चा करेंगे एवं उनकी समस्याओं का समाधान करेंगें।

**प्रधानाध्यापकों की भूमिका –**

1 प्रतिदिन अपने विद्यालय के शिक्षकों से चर्चा कर उनसे समय सारिणी के अनुसार "हमारा घर–हमारा विद्यालय" के क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे।

2 प्रतिदिन कम से कम 05 अभिभावकों से चर्चा कर उन्हें "हमारा घर–हमारा विद्यालय" के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों के बारे में अवगत करायेंगे तथा बच्चों को उसके अनुसार पढ़ाई करवाने हेतु प्रेरित करेंगे।

3 DigiLEP वीडियो के माध्यम से प्राप्त सामग्री के अध्ययन के लिये सुविधानुसार बच्चों को मोबाइल उपलब्ध कराने हेतु प्रेरित करेंगे।

4. पाँच विद्यार्थियों के घर जाकर बच्चों के प्रतिदिन पढ़ने एवं लिखने की कॉपी की जाँच करेंगे, मौखिक गणित पर चर्चा करेंगे। शिक्षकों को सम्पादित किये गये आवंटित कार्यों को देखेंगे एंव रिकार्ड रखेंगे।

मॉनीटरिंग–

1. पूर्व में जारी पत्र क्रमांक दिनांक क्र./पा.पु/रा.शि.के./20211380/दिनांक 13.8.2021 के अनुसार एम शिक्षा मित्र पर की जाएगी।
2. डीपीसी जिला एवं ब्लॉक MIS के माध्यम से कक्षावार 05 व्हाट्सएप समूह की गतिविधियों की प्रतिदिन मॉनीटरिंग करेंगे।
3. जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों (एपीसी, बीआरसी, बीएसी एवं जन शिक्षक) एवं डाइट फैकल्टी के द्वारा भी कक्षावार प्रतिदिन 05 व्हाट्सएप समूह में जुड़कर गतिविधियों की मॉनीटरिंग एवं आवश्यक सहयोग किया प्रदान किया जायेगा।
4. साथ ही जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी एवं डाइट फैकल्टी प्रतिदिन पांच शिक्षकों से दूरभाष पर चर्चा कर ''हमारा घर–हमारा विद्यालय' की गतिविधियों जानकारी प्राप्त करेंगे एवं समस्याओं का निराकरण करेंगे।

**(उपरोक्तानुसार गतिविधियों के संपादन में कोविड प्रोटोकॉल पालन सुनिश्चित हो)**

उपरोक्त शिक्षण सत्र 2021–22 को 17 जनवरी 2022 से सभी विद्यार्थियों के लिए उनके घरों को ही विद्यालय के रूप में आरम्भ करते हुए किया जाना है जिसके लिए समस्त ब्लॉक प्रभारियों, जनपद शिक्षा केन्द्रो तथा शिक्षकों को आवश्यक निर्देश प्रसारित करें एंव समस्त गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित कराएं। समय–समय पर शिक्षकों से फीडबैक, फोटोग्राफ्स एंव बच्चों की शैक्षणिक सीखने की प्रक्रिया को वीडियों के रूप में वाट्सएप नम्बर पर उपलब्ध कराएं।

14/01/2022

(धनराजू.एस.)
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

**क्र./पा.पु/रा.शि.के./2022/CT/48**

**भोपाल, दिनांक 14/01/2022**

**प्रतिलिपि**

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की ओर सूचनार्थ।
2. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, आदिवासी विकास विभाग की ओर सूचनार्थ।
3. आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल।
4. आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग भोपाल।

5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जिला समस्त म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
6. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग, समस्त म.प्र.की ओर सूचनार्थ।
7. जिला शिक्षा अधिकारी जिला समस्त जिले म.प्र.की ओर सूचनार्थ।
8. सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, समस्त जिला म.प्र. की ओर पालनार्थ।
9. जिला परियोजना समन्वयक जिला समस्त म.प्र. इस पत्र की प्रति समस्त संकुल समन्वयक/जन शिक्षा प्रभारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
10. समस्त जिला प्रभारी (OIC) राज्य शिक्षा केन्द्र, अपने प्रभार के जिले के पाँच कक्षा वाट्स एप समूह से जुड़कर "हमारा घर–हमारा विद्यालय" की गतिविधियों की मॉनिटरिंग करें एवं आवश्यकतानुसार सहयोग करें।
11. आई.सी.टी.कक्ष को एजुकेशन पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

14/6/2021

**संचालक**
**राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल**